107. राजस्थान सरकार ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु निम्न में से कौन सी निः शुल्क मोबाईल एप शुरू की है?

(a) दिशारी (b) रीडर
(c) कॉमएग्जाम (d) एवरनोट

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (a) : राजस्थान सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु दिशारी नाम से निः शुल्क मोबाइल एप शुरू की हैं। राजस्थान फ्री मोबाइल योजना राजस्थान सरकार के द्वारा संचालित एक जन हितकारी योजना है।

108. ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 7 से 9 नवंबर 2017 को आयोजित की गई

(a) कोटा में (b) उदयपुर में
(c) जयपुर में (d) जोधपुर में

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2018

Ans. (b) : ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2017 का आयोजन उदयपुर, राजस्थान में आयोजित किया गया था। ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2022 का आयोजन 7 से 9 नवम्बर 2022 को उदयपुर में संपन्न हुआ।

109. राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश, प्रदीप नंदराजोग का अभी हाल ही जहाँ स्थानान्तरण हुआ

(a) बम्बई उच्च न्यायालय
(b) इलाहाबाद उच्च न्यायालय
(c) केरल उच्च न्यायालय
(d) सर्वोच्च न्यायालय,दिल्ली

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2018

Ans. (a) : राजस्थान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रदीप नंदराजोग बम्बई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए है।

110. राजस्थान के लिए लोक सभा मतदान 2019 दो चरणों में हुआ, क्रमशः

(a) अप्रैल के चौथे सप्ताह और मई के पहले सप्ताह में
(b) अप्रैल के चौथे सप्ताह और मई के दूसरे सप्ताह में
(c) अप्रैल के पाँचवें सप्ताह और मई के पहले सप्ताह में
(d) अप्रैल के पाँचवे सप्ताह और मई के दूसरे सप्ताह में

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2018

Ans. (c) : राजस्थान के लिए लोकसभा मतदान 2019 में दो चरणों में सम्पन्न हुआ। प्रथम चरण का मतदान अप्रैल के पांचवें सप्ताह (29 अप्रैल) में सम्पन्न हुआ। जबकि दूसरा चरण मई के प्रथम सप्ताह (6मई) को संपन्न हुआ।

111. अभी हाल ही घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2018 के परिणाम में प्रथम 10 सफल अभ्यर्थियों में निम्नलिखित में से कौन सा राजस्थान से नहीं है?

(a) सुभम गुप्ता (b) अक्षत जैन
(c) श्रेयांश कुमट (d) सृष्टि जयंत देशमुख

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2018

Ans. (d) : सिविल सेवा परीक्षा 2018 के परिणाम में प्रथम 10 सफल अभ्यर्थियों में शुभम गुप्ता, अक्षत जैन, श्रेयांश कुमट राजस्थान से है। सृष्टि जयंत देशमुख मध्य प्रदेश के भोपाल से हैं।

112. राजस्थान सतत विकास लक्ष्य सूचकांक 1.0 के अनुसार किस जिले ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किये?

(a) झुंझुनूं (b) उदयपुर
(c) कोटा (d) जयपुर

RPSC SI 14-09-2021

Ans. (a) : राजस्थान सतत विकास लक्ष्य सूचकांक 1.0 के अनुसार सर्वाधिक अंक झुंझुनू जिले (69.66) को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर जयपुर (69.36) है। इस सूचकांक के लिए 12 गोल्स के 31संकेतकों का उपयोग किया गया है। अंतिम स्थान जैसलमेर(51.57) को प्राप्त हुआ है।

113. विशाखा बनाम राजस्थान सरकार प्रकरण में भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी विशाखा गाइडलाइन का सम्बन्ध है।

(a) बाल अपराध
(b) महिला घरेलू हिंसा को रोकना
(c) यौन उत्पीड़न को रोकना
(d) महिला बेगारी प्रथा

RPSC SI 14-09-2021

Ans. (c) : विशाखा मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की समस्या से निपटने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिये हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अगस्त 1997 (विशाखा तथा अन्य बनाम राजस्थान सरकार तथा अन्य) में निर्णय देते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न की प्रत्येक घटना भारत के संविधान के अनुच्छेद 14,15 तथा 21के तहत 'मौलिक अधिकारों' का उल्लंघन है तथा अनुच्छेद 19(1) (जी) के तहत 'स्वतंत्रता का अधिकार' का उल्लंघन है।

114. राजस्थान लोक सेवा गारन्टी डिलिवरी अधिनियम के सम्बन्ध में क्या सही नहीं है?

(a) प्रारंभ में अधिनियम में 15विभागों की 108 सेवाओं को शामिल किया गया।
(b) सरकार ने सेवाएँ प्रदान नहीं करने और उसमें देरी होने पर जुर्माने का प्रावधान किया।
(c) नियत समय सीमा की गणना करते समय अवकाशों को शामिल नहीं किया जायेगा।
(d) प्रथम अपील, द्वितीय अपील तथा पुनरीक्षकण आवेदन के साथ फीस देय होगी।

RPSC SI 14-09-2021